सत्यमेव जयते

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA

विदेश मंत्रालय / MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय / REGIONAL PASSPORT OFFICE

दूरभाष / Tel.-0177-2650070

फैक्स / FAX-0177-2658648

ई. मेल / E-mail: rpo.shimla@mea.gov.in

रेलवे बोर्ड बिल्डिंग / Railway Board Building

दी माल / The Mall

शिमला / Shimla - 171003

क्रमांक संख्या पी.ओ. / एस.एम.एल. / प्रैस / 91 / 2015 दिनांक 17.04.2017

प्रैस विज्ञप्ति

25 अप्रैल 2017 को हमीरपुर पोस्टऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (POPSK) का शुभारंभ

विदेश मंत्रालय और डाक विभाग ने मिलकर यह निर्णय लिया है कि विभिन्न राज्यों के मुख्य डाकघरों में पोस्टऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (POPSK) में देश के नागरिकों को पासपोर्ट आवेदन की सुविधा प्रदान की जाएगी। विदेश मंत्रालय और डाक विभाग की इस सांझेदारी का मुख्य उददेश्य बड़े पैमाने पर पासपोर्ट सेवाओं का विस्तार करना है। विदेश मंत्रालय की इसी पहल के तहत हिमाचल प्रदेश में पासपोर्ट सेवा केंद्र, शिमला व पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (POPSK) पालमपुर के अतिरिक्त अब हमीरपुर में भी 25 अप्रैल, 2017 से मुख्य डाकघर में पासपोर्ट आवेदन जमा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। अभी तक पासपोर्ट बनवाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों के आवेदकों को पासपोर्ट सेवा केंद्र, शिमला में ही आवेदन करने की सुविधा प्राप्त थी। लेकिन अब हमीरपुर में मुख्य पोस्टऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (POPSK) खुलने से आवेदकों को आसानी से पासपोर्ट आवेदन की सुविधा प्राप्त हो जाएगी। हमीरपुर में यह सुविधा उपलब्ध होने से आस पास के जिलों के आवेदकों को शिमला नहीं आना पड़ेगा। अब पासपोर्ट से संबंधित सभी औपचारिकताएं पोस्टऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (POPSK) हमीरपुर में भी पूरी की जा सकेगीं तथा सभी आवेदकों को पुलिस सत्यापन के बाद उनके द्वारा दिए गए पते पर पासपोर्ट जल्द से जल्द जारी किए जाएंगें। विदेश मंत्रालय की पहल के तहत लाखों पासपोर्ट आवेदकों को बड़ी राहत मिलेगी।

आवेदक हमारी बैवसाइट **www.passportindia.gov.in** पर ऑनलाईन एप्वाइंटमेंट लेकर निर्धारित तिथि को अपने मूल दस्तावेज एवं दस्तावेजों के सेट छायाप्रति के साथ आवेदक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र जा सकते हैं इसके अतिरिक्त आवेदक को अपने साथ दो पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ (लाईट बैक ग्राउंड के साथ) भी लाना अनिवार्य है।

पासपोर्ट से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक हमारी बैवसाइट **www.passportindia.gov.in** पर विजिट कर सकते है। पासपोर्ट कार्यालय में दूरभाष सं0 **0177–2652395** तथा टॉल फ्री नं0 **1800–258–1800** पर तथा क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, शिमला की ई–मेल rpo.shimla@mea.gov.in पर भी संपर्क कर सकते हैं।

17/4/17

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय,
शिमला।